# मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड

(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)

ब्लॉक न. 09, शक्ति भवन, रामपुर, जबलपुर - 482008

क्रमांक - का.नि.(मा.सं.एवं प्र.)/भर्ती/2023-24/1153 जबलपुर, दिनांक 09/03/2024

**मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड में विभिन्न संवर्गों के पदों पर सीधी भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन/ नियम पुस्तिका-2023-24**

मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (म.प्र.पॉ.ज.कं.लि.), पूर्ववर्ती म.प्र. राज्य विद्युत मण्डल की उतरवर्ती कंपनी है एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्ण स्वामित्व का उपक्रम है तथा प्रदेश में विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में कार्यरत है । म.प्र.पॉ.ज.कं.लि. अपने ताप एवं जल विद्युत संयंत्रों के संचालन-संधारण, नवीन संयंत्रों के निर्माण एवं अन्य आवश्यकताओं हेतु विभिन्न संवर्गों के पदों पर, सीधी भर्ती के माध्यम से चयन एवं नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करती है ।

इस नियम पुस्तिका में जब तक अन्यथा उल्लेखित ना किया गया हो, कंपनी अथवा संगठन शब्द का अर्थ मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (म.प्र.पॉ.ज.कं.लि.) है ।

1. **विज्ञापित पद, पदों की संख्या, पद कोड, श्रेणीवार पदों की जानकारी एवं अन्य (बैकलॉग सहित)**

| संवर्ग | पद नाम | पद कोड | पद का प्रकार | श्रेणीवार पदों की संख्या | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | SC | ST | OBC | EWS | |
| A | B | C | D | E | F | G | H | I | J |
| पाली रसायनज्ञ | पाली रसायनज्ञ | 001 | नियमित | 02 | 01 | 0 | 0 | 0 | **03** |
| कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) | कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) - मैकेनिकल | 002 | नियमित | 03 | 02 | 03 | 03 | 02 | **13** |
| | कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) - इलेक्ट्रिकल | 003 | नियमित | 03 | 0 | 01 | 01 | 0 | **05** |
| | कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) - इलेक्ट्रॉनिक्स | 004 | नियमित | 0 | 01 | 01 | 01 | 0 | **03** |



| संवर्ग | पद नाम | पद कोड | पद का प्रकार | श्रेणीवार पदों की संख्या | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | SC | ST | OBC | EWS | |
| A | B | C | D | E | F | G | H | I | J |
| कनिष्ठ अभियंता (सिविल) | कनिष्ठ अभियंता (सिविल) | 005 | नियमित | 03 | 01 | 01 | 01 | 0 | **06** |
| संयंत्र सहायक | संयंत्र सहायक - मैकेनिकल | 006 | नियमित | 19 | 20 | 22 | 13 | 09 | **83** |
| | संयंत्र सहायक - इलेक्ट्रिकल | 007 | नियमित | 12 | 14 | 15 | 09 | 06 | **56** |
| औषधी संयोजक | औषधी संयोजक (फार्मासिस्ट) | 008 | नियमित | 03 | 01 | 02 | 01 | 01 | **08** |
| स्टाफ नर्स | स्टाफ नर्स | 009 | नियमित | 03 | 05 | 05 | 01 | 0 | **14** |
| **कुल** | | | | **48** | **45** | **50** | **30** | **18** | **191** |

6. <u>चयन प्रक्रिया :-</u>

1. ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे ।
2. आवेदकों का संबंधित पद पर चयन, कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (Computer Based Test) (CBT) में प्राप्त अंको के आधार पर किया जावेगा ।
3. कम्प्यूटर आधारित परीक्षा म.प्र. राज्य के शहरों में आयोजित की जायेगी जिसकी जानकारी आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन में दी गई है ।
4. कम्प्यूटर आधारित परीक्षा 100 प्रश्नों की होगी जिसमें प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का बहुविकल्पीय होगा । परीक्षा में 75 प्रश्न संबंधित विषय पर आधारित होंगे एवं शेष 25 प्रश्न सामान्य ज्ञान एवं अभिरुचि, तार्किक योग्यता इत्यादि से संबंधित होंगे । परीक्षा की अवधि 02 घंटे होगी । परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये गलत उत्तर का नकारात्मक अंकन (Negative Marking) नही होगा । कम्प्यूटर आधारित परीक्षा का प्रश्न पत्र द्विभाषी अर्थात अंग्रेजी एवं हिंदी दोनो भाषाओं में होगा ।
5. कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी । चयनित आवेदकों को संबंधित पद के श्रेणीवार एवं वर्गवार विज्ञापित पदों के अनुपात में आवश्यकता अनुसार दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया जावेगा । दस्तावेज सत्यापन की तिथि, समय एवं स्थान की जानकारी म.प्र.पॉ.ज.क.लि. की वेबसाईट (https://mppgcl.mp.gov.in) के माध्यम से तत्समय पृथक से सूचित की जायेगी ।
6. आवेदक का संबंधित संवर्ग में अंतिम चयन इस शर्त के अधीन होगा कि आवेदक चयन एवं नियुक्ति हेतु सभी निर्धारित योग्यता एवं मापदण्ड को पूर्ण करता है तथा आवेदक ने सभी आवश्यक प्रमाण पत्र एवं दस्तावेज प्रस्तुत एवं जमा कर दिये हैं ।
7. यदि किसी/ सभी संवर्ग हेतु अत्यधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं तो कम्प्यूटर आधारित परीक्षा, उपलब्धता एवं म.प्र.पॉ.ज.क.लि. की आवश्यकता अनुसार एक से अधिक पालियों एवं तिथियों में आयोजित की जावेगी । ऐसी स्थिति में प्राप्तांको का नॉर्मलाईजेशन कर प्रावीण्य/ मेरिट सूची तैयार की जावेगी ।
8. मेरिट/ प्रावीण्य सूची तैयार करते समय यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते हैं, तो उनकी प्रावीण्यता/ मेरिट का निर्धारण निम्नानुसार किया जावेगा:-



   i. उम्मीदवारों की जन्मतिथि पर विचार किया जावेगा अर्थात अधिक आयु के आवेदक को कम आयु के आवेदक के ऊपर रखा जावेगा ।
   ii. जन्मतिथि समान होने की स्थिति में ऐसे उम्मीदवार को वरीयता दी जावेगी, जिन्होंने उक्त पद हेतु आयोजित कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के संबंधित विषय पर आधारित भाग (75 प्रश्न) में अधिक अंक प्राप्त किये हों ।
   iii. ऐसी स्थिति में, जब उपरोक्त दोनों स्थितियॉ एक से अधिक आवेदक के लिये समान हो तो कक्षा दसवीं में अधिक अंक प्राप्त अभ्यर्थी को वरीयता दी जावेगी ।
9. अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में न्यूनतम 50% कट ऑफ अंक एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 40% कट ऑफ अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा । ऑनलाइन परीक्षा में उपस्थित उम्मीदवारों की प्रावीण्य सूची उनके द्वारा प्राप्त अंकों अथवा नॉर्मलाईजड अंक (यदि लागू हो) के आधार पर श्रेणीवार तैयार की जावेगी ।
10. मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में निर्धारित न्यूनतम अंकों तक पैनल संचालित किया जायेगा । चयन पैनल लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित होने की तिथि से एक वर्ष तक मान्य रहेगा । भर्ती प्रक्रिया को विशिष्ट आदेश जारी कर एक वर्ष के पूर्व भी समाप्त किया जा सकता है । भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने संबंधी विशिष्ट आदेश जारी करने के उपरांत किसी भी उम्मीदवार की दावेदारी पर विचार नहीं किया जायेगा ।
11. प्रावीण्य सूची तैयार करते समय आरक्षित श्रेणी का कोई अभ्यर्थी यदि बिना किसी छूट के अनारक्षित अभ्यर्थी के समान अर्ह पाया जाता है, तो ऐसे अभ्यर्थी को अनारक्षित श्रेणी की प्रावीण्य सूची में रखा जायेगा एवं अनारक्षित पदों के विरुद्ध समायोजित किया जावेगा ।
12. विज्ञापित पदों पर चयन हेतु निर्धारित पात्रता एवं शर्तों के संबंध में म.प्र.पॉ.ज.क.लि. का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा । इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नही किया जावेगा ।